# प्राचार्य कार्यालय, डी.ए.वी.कालेज, मुजफ्फरनगर

दिनांकः 02.12.2020

## कार्यालय आदेश

महोदय / महोदया,

सत्र 2020–21 हेतु गठित आई0क्यू0ए0सी0 के निम्न सदस्यों की एक आवश्यक बैठक दिनांक 03.12.2020 को अपरान्ह 1.30 बजे कॉलेज सभाकक्ष में आहूत की गई है। अतः सदस्यों से अनुरोध है कि वे बैठक में समय से उपस्थित होने का कष्ट करें।

| | |
|---|---|
| Dr. Sunita Sharma | Coordinator |
| Dr. Mukesh Kumar | Member |
| Dr. Ved Pal Singh | Member |
| Dr. Vipin Kumar Jain | Member |
| Dr. Satyendra Kumar (Zoology) | Member |
| Dr. Yougesh Kumar | Member |
| Dr. Surendra Pal | Member |
| Dr. Kuldeep | Member |
| Sh. Rahul Sharma (SFC) | Member |
| Sh. Vinay Tayal | Member |
| Sh. Pawan Kumar | Member |
| Sh. Abhishek Bansal | Member |

Sunita Sharma

(डा0 सुनीता शर्मा)
समन्वयक

(डा0 शशि शर्मा)
प्राचार्या

PRINCIPAL
D.A.V. College, Muzaffarnagar

बैठक में विचार विमर्श के उपरान्त निर्णय हुए कि:—

1. सत्र 2018—19 की आपत्तियों का निराकरण किया जाये तथा सत्र 2019—20 की ए0क्यू0ए0आर0 के साथ ही दोनो को नैक को प्रेषित कर दिया जायें। यह भी निर्णय लिया गया कि आई0क्यू0ए0सी0 के सदस्य ए0क्यू0ए0आर0 के प्रेषण तक दिनांक 05.12.2020 से प्रत्येक कार्यदिवस में अपरान्ह 1.30 बजे से कॉलेज सभाकक्ष में उपस्थित होकर उक्त के कार्य को सम्पादित करेगें।

2. निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय में तृतीय चक्र का नैक निरीक्षण वर्ष 2022 में होना है। अतः नैक से सम्बन्धित तैयारियों पर विचार किया जाये।

3. डा0 कुलदीप द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि शोधार्थियों द्वारा जमा कराई गई फीस से शोधशालाओं को उन्नत एवं बेहतर बनाने के लिए फीस का व्यय शोध पर्यवेक्षक एवं विभागाध्यक्ष के निर्देशन में हो अथवा इसके लिए एक समिति का गठन किया जाये। सभी ने इस पर सहमति व्यक्त की तथा प्राचार्या महोदया से उक्त के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु अनुरोध किया गया।

4. डा0 कुलदीप द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि शिक्षकों को महाविद्यालय कार्य/शोध कार्य आदि में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं/योगदान के लिए महाविद्यालय/प्रबन्ध समिति की ओर से एक प्रशस्ति पत्र दिया जाये। ताकि शिक्षकों को प्रोत्साहन मिलें। सभी सदस्यों ने इस पर सहमति व्यक्त की।

5. डा0 कुलदीप द्वारा कहा गया कि विभागों में होने वाले आयोजन/सेमीनार आदि को यदि सम्भव हो तो केवल महाविद्यालय स्तर तक ही सीमित न करते हुए विश्वविद्यालय स्तर तक अथवा राष्ट्रीय स्तर तक किया जाये जिसमें ऑललाईन के माध्यम से प्रतिभागियों को जोड़ते हुए सीमित साधनों से ही यह सम्भव हो सकता है। डा0 योगेश द्वारा द्वारा सभी विभागों के लिए एक निश्चित धनराशि उपलब्ध कराये जाने का प्रस्ताव रखा। सभी ने इस पर सहमति व्यक्त की।

PRINCIPAL
D.A.V. College, Muzaffarnagar

# प्राचार्य कार्यालय, डी.ए.वी.कालेज, मुजफ्फरनगर

दिनांकः 21.01.2021

## कार्यालय आदेश

महोदय / महोदया,

सत्र 2020–21 हेतु गठित आई0क्यू0ए0सी0 के निम्न सदस्यों की एक आवश्यक बैठक दिनांक 22.01.2021 को अपरान्ह 1.30 बजे कॉलेज सभाकक्ष में आहूत की गई है। अतः सदस्यों से अनुरोध है कि वे बैठक में समय से उपस्थित होने का कष्ट करें।

| | |
|---|---|
| Dr. Sunita Sharma | Coordinator |
| Dr. Mukesh Kumar | Member |
| Dr. Ved Pal Singh | Member |
| Dr. Vipin Kumar Jain | Member |
| Dr. Satyendra Kumar (Zoology) | Member |
| Dr. Yougesh Kumar | Member |
| Dr. Surendra Pal | Member |
| Dr. Kuldeep | Member |
| Sh. Rahul Sharma (SFC) | Member |
| Sh. Vinay Tayal | Member |
| Sh. Pawan Kumar | Member |
| Sh. Abhishek Bansal | Member |

(डा0 शशि शर्मा)
PRINCIPAL प्राचार्या
D.A.V. College, Muzaffarnagar

(डा0 सुनीता शर्मा)
समन्वयक

सत्र 2019–20 की ए0क्यू0ए0आर0 के प्रेषण के संबंध में बैठक में विचार विमर्श के उपरान्त निर्णय हुए कि:–

1. निर्णय लिया गया कि वार्षिक कैलेण्डर तैयार किया जाये जिसमें सत्र में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर होने वाली समस्त गतिविधियों जैसे इन्डेक्शन कार्यक्रम, आन्तरिक परीक्षाऐं, अतिरिक्त एवं सह पाठ्यक्रम तथा सेमीनार, वर्कशॉप एवं एन0सी0सी0, एन0एस0एस0 आदि के अन्तर्गत होने वाली समस्त कार्यवाही का समावेश किया जाये। उक्त के सन्दर्भ में महाविद्यालय समय–सारणी एवं वार्षिक कैलेण्डर तैयार किये जाने हेतु डा0 मुकेश कुमार को अधिकृत किया गया।

2. महाविद्यालय में एम0आई0एस0 (प्रबन्ध सूचना प्रणाली) को विकसित किये जाने के संबंध में विचार विमर्श किया गया तथा सर्वसम्मति से उक्त हेतु डा0 सुरेन्द्र पाल को अधिकृत किया गया।

3. निर्णय लिया गया कि प्राचार्या द्वारा सभी विभागों को एक पत्र इस आशय से प्रेषित किया जाये कि सत्र के दौरान विभाग द्वारा सम्पादित प्रोजेक्ट, स्थानीय दौरा एवं इंटर्नशिप आदि का ब्यौरा कार्यालय में उपलब्ध कराये।

4. निर्णय लिया गया कि ए0क्यू0ए0आर0 के प्रेषण के संबंध में जिन विभाग से अभी तक पूर्व में प्रेषित प्रारुप की सूचना उपलब्ध नही कराई गयी है उन विभागों को पत्र प्रेषित किया जाये कि वे शीघ्रातिशीघ्र सूचना कार्यालय में श्री अभिषेक बंसल को उपलब्ध करा दें।

5. प्रवेश के संबंध में श्री डी0के0 त्यागी, प्रवेश समन्वयक को अधिकृत किया गया कि प्रवेश प्रक्रिया से सम्बन्धित समस्त डाटा तैयार किया जाये।

6. निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय के जिन विभाग में स्मार्ट क्लास रुम है उन्हे संचालित किया जाये तथा स्नातक स्तर पर बी0एड0, विधि, चित्रकला, मनोविज्ञान तथा गणित आदि में शिक्षण हेतु स्मार्ट क्लास रुम तैयार किये जाये।

7. निर्णय लिया गया कि समस्त विभागो इस आशय से पत्र प्रेषित किया जाये कि वे विद्यार्थियो से फीड बैक फार्म भरवाकर कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

8. महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लिए समय–समय पर सलाह/सुझाव दिये जाने के संबंध में निर्णय लिया गया कि स्नातकोत्तर कक्षाओं में विभागीय स्तर पर तथा स्नातक स्तर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता द्वारा परामर्श दिया जाये।

PRINCIPAL
D.A.V. College, Muzaffarnagar

9. परीक्षा तिथि एवं विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के संबंध में परीक्षा समिति को अधिकृत किया गया कि संकायवार डाटा एकत्र कर आई0क्यू0ए0सी0 को उपलब्ध कराये तथा वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु श्री राहुल शर्मा को अधिकृत किया गया।

10. छात्र संतुष्टि सर्वेक्षण हेतु तैयार एक फीड बैक फार्म तैयार किया जाये तथा महाविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड किया जाये जिसके लिए डा0 मुकेश कुमार को अधिकृत किया गया।

11. श्री डी0के0 त्यागी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता द्वारा सुझाव दिया गया कि स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को महाविद्यालय स्तर पर छोटे प्रोजेक्ट पर शोध कार्य कराया जाये। निर्णय लिया गया कि धन की उपलब्धता के अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जाये।

12. निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय में बौद्धिक संपदा अधिकार (Intellectual Property Right) विषय पर सेमीनार का आयोजन विश्वविद्यालय परीक्षाऐं प्रारम्भ होने से पूर्व ही करा लिया जाये।

13. निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय अथवा महाविद्यालय के शिक्षक/शोधार्थी/विद्यार्थी द्वारा किसी नवाचार के लिए पुरस्कार प्राप्त होता है तो कार्यालय में इसकी सूचना उपलब्ध कराने हेतु विभागों को पत्र प्रेषित किया जाये।

14. महाविद्यालय स्तर पर समय–समय पर होने वाली समस्त गतिविधियों की सूचना (extension activities, collaborations etc.) कार्यालय में एकत्रित की जाये ताकि ए0क्यू0ए0आर0 के प्रेषण के समय एक ही स्थान से प्राप्त हो सके। निर्णय लिया गया कि इस आशय का पत्र निर्गत किया जाये।

15. नैक निरीक्षण को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया गया कि शीघ्रातिशीघ्र विद्यार्थियों को पुस्तकों का लेन–देन कम्प्यूटर द्वारा किया जाये। इसके लिए श्री विनय तायल को लाईब्रेरी सॉफ्टवेयर को अपडेट कराने हेतु निर्देशित किया गया।

16. विद्यार्थियों के लिए ई–कन्टेन्ट सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में निर्णय लिया गया कि प्राणिविज्ञान विभाग के हॉल का आधुनिकीकरण पी0एल0टी0 की भाँति ही कराया जाये।

17. निर्णय लिया गया कि विभागों को एक पत्र इस आशय से प्रेषित किया जाये कि ऐसे विद्यार्थियों की सूची तैयार कर उपलब्ध कराये जिनका ऑन कैम्पस/ऑफ कॅम्पस

PRINCIPAL
D.A.V. College, Muzaffarnagar

नियुक्ति हुई है। यह भी कि विभाग द्वारा इस दिशा में अधिक से अधिक प्रयास किये जाये।

18. विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु छात्र कल्याण अधिष्ठाता को अधिकृत किया गया।

19. निर्णय लिया गया कि शीघातिशीघ्र पुरातन छात्रो का एक सम्मेलन किया जाये। सम्भव हो तो यह विभागीय स्तर पर किया जाये। पुरातन छात्र परिषद को उक्त के लिए अधिकृत किया गया।

20. महाविद्यालय में शिक्षक, शिक्षणेत्तर एवं विद्यार्थियों के कल्याण हेतु योजनाओं के संबंध में विचार विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि लेखाकार आई0क्यू0ए0सी0 को संचालित हो रही योजनाओं से अवगत कराये तथा महाविद्यालय स्तर पर और क्या सम्भावनाऐं है, उससे अवगत कराये।

21. नैक निरीक्षण से पूर्व होने वाले कार्य जैसे वाटर हारवेस्टिंग, सोलर एनर्जी, पौधाकरण, मरम्मत कार्य एवं अन्य ऐसे कार्य जिन पर महाविद्यालय प्रबन्ध समिति द्वारा सहमति अथवा विचार–विमर्श किया जाना है के संबंध में निर्णय लिया गया कि आई0क्यू0ए0सी0 ऐसे कार्यों की सूची तैयार करे तथा प्राचार्य महोदया के माध्यम से प्रबन्ध समिति को अवगत कराया जाये।

PRINCIPAL
D.A.V. College, Muzaffarnagar

# प्राचार्य कार्यालय, डी.ए.वी.कालेज, मुजफ्फरनगर

दिनांकः 23.03.2021

## कार्यालय आदेश

महोदय / महोदया,

आई0क्यू0ए0सी0 के निम्न सदस्यों की एक अति आवश्यक बैठक दिनांक 24.03.2021 को अपरान्ह 1.30 बजे कॉलेज सभाकक्ष में आहूत की गई है। अतः सदस्यों से अनुरोध है कि वे बैठक में समय से उपस्थित होने का कष्ट करें।

| | |
|---|---|
| Dr. Sunita Sharma | Coordinator |
| Dr. Mukesh Kumar | Member |
| Dr. Ved Pal Singh | Member |
| Dr. Vipin Kumar Jain | Member |
| Dr. Satyendra Kumar (Zoology) | Member |
| Dr. Yougesh Kumar | Member |
| Dr. Surendra Pal | Member |
| Dr. Kuldeep | Member |
| Sh. Rahul Sharma (SFC) | Member |
| Sh. Vinay Tayal | Member |
| Sh. Pawan Kumar | Member |
| Sh. Abhishek Bansal | Member |

(डा0 शशि शर्मा)
PRINCIPAL
प्राचार्य
D.A.V. College, Muzaffarnagar

बैठक में निम्न निर्णय लिये गये–

1. सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय में नैक मूल्यांकन के तृतीय चक्र हेतु जो कि वर्ष 2022 में होना है, के सन्दर्भ में एक नैक स्टीयरिंग कमेटी (NAAC Stearing Committee) का गठन किया जाये तथा नैक समन्वयक की नियुक्ति भी शीघ्रातिशीघ्र कर ली जाये ताकि मूल्यांकन से सम्बन्धित प्रक्रियाओं का संचालन प्रारम्भ हो सकें।

2. सत्र 2019–20 की ए0क्यू0ए0आर0 के प्रेषण के संबंध में निणर्य लिया गया कि रिपोर्ट में कुल 08 मापदंड से सम्बन्धित सूचनाओं को एकत्र करने हेतु समिति के सदस्यों में निम्न प्रकार वितरित किया गया– Criteria I&II (डा0 सुनीता शर्मा एवं डा0 मुकेश कुमार), Criteria III&IV (डा0 वेदपाल सिंह एवं श्री विपिन कुमार जैन), Criteria V&VI (श्री सत्येन्द्र कुमार (प्राणिविज्ञान) एवं डा0 योगेश कुमार (प्राणिविज्ञान) तथा Criteria VII&VIII (डा0 सुरेन्द्र पाल एवं डा0 कुलदीप)। प्राचार्या महोदया द्वारा सदस्यों को उक्त के संबंधमें शीघ्र कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

3. प्राचार्या महोदया द्वारा डी0ए0वी0 कॉलेज, मुजफ्फरनगर एवं शिवाजी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के बीच हुए आपसी समझौते की प्रति समिति के सम्मुख प्रस्तुत की गई। निर्णय लिया गया कि समझौते की प्रति विभागों में प्रेषित की जाये तथा सभी शिक्षकों को उक्तानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया जाये। डा0 सुरेन्द्र पाल, सदस्य द्वारा सुझाव दिया गया कि छात्रहित में इस प्रकार के समझौते अन्य संस्थाओं के साथ भी किये जाने चाहिए। सभी ने सुझाव का स्वागत किया।

4. सत्र 2018–19 की ए0क्यू0ए0आर0 जो कि दिनांक 19.12.2019 को ऑनलाईन प्रेषित की गई थी, में नैक से बिन्दु 3.3.6 के सन्दर्भ में प्राप्त आपत्ति के संबंध में निर्णय लिया गया कि सम्बन्धित शिक्षक से पुनः H-index से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध कराने हेतु कहा जाये।

PRINCIPAL
D.A.V. College, Muzaffarnagar

# प्राचार्य कार्यालय, डी.ए.वी.कालेज, मुजफ्फरनगर

दिनांकः 01.05.2021

## कार्यालय आदेश

महोदय / महोदया,

आई0क्यू0ए0सी0 के निम्न सदस्यों की एक अति आवश्यक बैठक दिनांक 04.05.2021 को अपरान्ह 1.00 बजे कॉलेज सभाकक्ष में आहूत की गई है। अतः सदस्यों से अनुरोध है कि वे बैठक में समय से उपस्थित होने का कष्ट करें।

| | |
|---|---|
| Dr. Sunita Sharma | Coordinator |
| Dr. Mukesh Kumar | Member |
| Dr. Ved Pal Singh | Member |
| Dr. Vipin Kumar Jain | Member |
| Dr. Satyendra Kumar (Zoology) | Member |
| Dr. Yougesh Kumar | Member |
| Dr. Surendra Pal | Member |
| Dr. Kuldeep | Member |
| Sh. Rahul Sharma (SFC) | Member |
| Sh. Vinay Tayal | Member |
| Sh. Pawan Kumar | Member |
| Sh. Abhishek Bansal | Member |

(डा0 शशि शर्मा)
प्राचार्या
PRINCIPAL
D.A.V. College, Muzaffarnagar

बैठक में निम्न निर्णय लिये गये–

1. आई0क्यू0ए0सी0 समन्वयक द्वारा अवगत कराया गया कि सत्र 2019–20 की ए0क्यू0ए0आर0 के प्रेषण के लिए विभाग द्वारा सूचनाओं का प्रेषण किया जा रहा है। परन्तु अभी तक कुछ विभागों द्वारा ही डाटा उपलब्ध कराया गया है। निर्णय लिया गया कि आई0क्यू0ए0सी0 के सदस्यों द्वारा व्यक्तिगत स्तर से विभागाध्यक्ष से सम्पर्क कर सूचनाओं का संकलन किया जाये ताकि कार्य को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण किया जा सकें।

2. प्राचार्या महोदया द्वारा नई शिक्षा नीति–2020 के संबंध में अवगत कराते हुए समिति से कहा गया कि महाविद्यालयों में शीध्र ही नई शिक्षा नीति को लागू किया जाना है जिसमें स्नातक स्तर पर सेमेस्टर पद्धति लागू किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। अतः भविष्य की कार्ययोजना इस प्रकार से तैयार की जाये कि विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों में नई शिक्षा लागू किये जाने के निर्देश प्राप्त होने पर शिक्षा नीति के अनुरुप सहज कार्य सम्पादित किये जा सके।

3. सत्र 2018–19 की ए0क्यू0ए0आर0 के सन्दर्भ में अवगत कराया गया कि आपत्तियों का निराकरण अभी नही हो पाया है परन्तु शीघ्र ही उनको निस्तारित कर नैक को ए0क्यू0ए0आर प्रेषित कर दी जायेगी। प्राचार्य द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाये।

4. आई0क्यू0ए0सी0 समन्वयक द्वारा अवगत कराया गया कि लाईब्रेरी का सॉफ्टवेयर अपडेट करा लिया गया है तथा आगामी सत्र में पुस्तकों का लेन–देन सॉफ्टवेयर के माध्यम से ही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

5. प्राचार्य द्वारा पूर्व में विश्वविद्यालय निर्देशों के अनुपालन में विद्यार्थियों के लिए शिक्षकों से आनलाईन शिक्षण व्यवस्था हेतु ई–कन्टेन्ट तैयार किये जाने की कार्यवाही को आगे भी जारी रखने के संबंध में विचार रखा गया। सभा द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन करते हुए शिक्षकों को उक्त हेतु निर्देशित करने के लिए कार्यालय आदेश निर्गत करने पर सहमति प्रकट की गई।

PRINCIPAL
D.A.V. College, Muzaffarnagar